स्टोर पर दवाइयों की नयी मूल्य सूची रखना जरूरी

आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था : वित्त मंत्रालय

7,500 रुपये होटल के कमरों के किराये पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा

नयी दिल्ली, 16 सितंबर (वार्ता) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितंबर से होने वाले बदलावों के मद्देनजर पुराना स्टॉक समाप्त होने तक मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की नयी मूल्य सूची रखनी अनिवार्य होगी. वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों पर जारी एक स्पष्टीकरण में कहा है कि दवाओं की खेप वापस मंगाने और दोबारा लेबलिंग की जरूरत नहीं है लेकिन फार्मा कंपनियां/विपणन कंपनियां नयी मूल्य सूची जारी करेंगी जो डीलरों और मेडिकल स्टोर चलाने वाले खुदरा दुकानदारों के पास आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध होगी. इस मूल्य सूची की एक प्रति राज्य के ड्रग कंट्रोलर और स्थानीय सरकार को भी उपलब्ध करायी जायेगी. मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का लेबल दोबारा लगाने की जरूरत नहीं है. इसके अलावा, यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर कोई कर नहीं लगेगा. यदि कोई व्यक्ति अपने साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा लेता है तो वह भी कर मुक्त होगा. अब हर तरह के ड्रोन पर सपाट पांच प्रतिशत का कर लगेगा. वहीं, 7,500 रुपये रोजाना तक के होटल के कमरों के किराये पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा और इन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है. इसी तरह, आरोग्य और सौंदर्य प्रसाधन सेवाओं पर भी सपाट पांच प्रतिशत कर लगेगा. ईंटों पर करों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इनपर 20 लाख रुपये की सीमा तक आईटीसी के बिना छह प्रतिशत तथा आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था जारी रहेगी. माल ढुलाई सेवा में विभिन्न परिवहन साधनों के इस्तेमाल की स्थिति में यदि किसी चरण में हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया गया है तो 18 प्रतिशत और यदि नहीं किया गया है तो पांच

> मंत्रालय ने बताया है कि ऑनलाइन सामान बुक कराने पर यदि सामान की आपूर्ति सीधे उस व्यक्ति द्वारा की गयी है जो 18 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आता है तो आपूर्तिकर्ता को जीएसटी का भुगतान करना होगा. वहीं, यदि आपूर्तिकर्ता को जीएसटी से छूट प्राप्त है तो ई-कॉमर्स कंपनी 18 फीसदी जीएसटी का भुगतान करेगी.

स्पाइसजेट आठ विमान लीज पर लेगी

बोइंग 737 विमानों को शामिल करने की घोषणा

नयी दिल्ली, 16 सितंबर. किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने आठ और बोइंग 737 विमानों के लिए लीज समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं जिससे 2025 के विंटर शिड्यूल से पहले उसके बेड़े को और मजबूती मिलेगी. इसके साथ ही, एयरलाइन के बेड़े में 18 विमानों की वृद्धि की योजना है, जो आगामी त्योहारी और छुट्टियों के मौसम में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने की उसकी प्रतिबद्धता को और पुख्ता करता है.

इससे पहले उसने कुल 10 बोइंग 737 विमान वेट लीज पर लेने के दो समझौते किये थे जो अक्टूबर 2025 से बेड़े में शामिल होने वाले हैं. स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, हमें अपने बेड़े में आठ और बोइंग 737 विमानों को शामिल करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. ये नये विमान क्षमता विस्तार, निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और अपने यात्रियों को बेहतर उड़ान अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं.

आगामी त्योहारी और शीतकालीन यात्रा सीजन के साथ ये विमान हमें प्रमुख मार्गों पर उड़ानों की संख्या बढ़ाने और बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने में मदद करेंगे.

एयरटेल ने की 48 .3 अरब स्पैम कॉल की पहचान

नयी दिल्ली, 16 सितंबर. निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने पिछले एक साल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल से अपने नेटवर्क पर 48 अरब से ज्यादा स्पैम कॉल की पहचान की और तीन लाख से अधिक धोखाधड़ी वाले संदिग्ध लिंक्स को ब्लॉक किया.

एयरटेल के नये फीचर के तहत उसके उपयोगकर्ताओं को इनकमिंग कॉल के स्पैम कॉल होने की चेतावनी उसी समय मोबाइल फोन के स्क्रीन पर मिल जाती है. इससे लोगों को अनचाही कॉलों से काफी राहत मिली है. भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल ने कहा, हमारा मिशन अपने ग्राहकों को स्पैम और वित्तीय धोखाधड़ी से पूरी तरह मुक्त करना है. पिछले एक वर्ष में, हमारे एआई-आधारित नेटवर्क समाधान ने 48.3 अरब से अधिक स्पैम कॉल की पहचान की और 3.2 लाख धोखाधड़ी वाले संदिग्ध लिंक को ब्लॉक किया. जब तक हमारे नेटवर्क डिजिटल स्पैम और स्कैम से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाते, तब तक हम इस क्षेत्र में नवाचार और निवेश करते रहेंगे. पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई 4 सी) द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि एयरटेल नेटवर्क पर वित्तीय नुकसान के मूल्य में 68.7 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गयी है और कुल साइबर अपराध मामलों में 14.3 फीसदी की कमी दर्ज की गयी है.

एआई की शक्ति से लैस स्पैम डिटेक्शन समाधान पेश किया

देश में स्पैम कॉल की बढ़ती समस्या पर रोक लगाने की दिशा में एक अहम पहल के तहत एयरटेल ने सितंबर 2024 में देश का पहला नेटवर्क-आधारित एआई की शक्ति से लैस स्पैम डिटेक्शन समाधान पेश किया था. इस पहल ने स्पैम कॉल और मैसेज की बढ़ती समस्या को हल करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. इसी प्रकार, मई 2025 में कंपनी ने दुनिया का पहला ऐसा समाधान पेश किया जो नेटवर्क पर आने वाले हर प्रकार के संचार माध्यमों में मौजूद खतरनाक (मैलिशियस) लिंक को तत्काल पहचान कर ब्लॉक करता है.

बीमाधारकों को जीएसटी में मिलेगी छूट

वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव ने कंपनियों, नियामक की बैठक की

नयी दिल्ली, 16 सितंबर (वार्ता) वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम. नागराजू ने सोमवार को राजधानी में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के वरिष्ठ अधिकारियों और सरकारी तथा निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक की.

इसमें बीमा क्षेत्र को वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) में छूट के हाल के निर्णय का लाभ पालिसीधारकों को हस्तांतरित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया. यह बैठक जीएसटी परिषद द्वारा सितंबर को आयोजित 56वीं बैठक के बाद आयोजित की गयी थी जिसमें सभी व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी में कटौती का लाभ देने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया था.

वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक आज की बैठक में नागराजू ने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि कर में कटौती का लाभ मौजूदा और संभावित पॉलिसीधारकों को पूरी तरह से मिले. सचिव ने बीमा कंपनियों को इन सुधारों का प्रचार करने और आम आदमी के लिए बीमा को अधिक किफायती व सुलभ बनाने में उनके संभावित सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करने के लिए सक्रिय रूप से संपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया. इस बैठक में इरडा के पूर्णकालिक सदस्य

बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार

मुंबई, 16 सितंबर (वार्ता) विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही.

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 66.37 अंक की तेजी के साथ 81,852.11 अंक पर खुला. खबर लिखे जाते समय यह गत दिवस के मुकाबले 183.53 अंक (0.22 प्रतिशत) ऊपर 81,969.27 अंक पर था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 4.30 अंक चढ़कर 25,73.50 अंक पर खुला. यह खबर लिखे जाते समय 47.40 अंक यानी 0.19 फीसदी की बढ़त के साथ 25,116.60 अंक पर था. ऑटो, धातु, फार्मा, तेल एवं गैस, और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा.

क्राइनस्विच पर उपयोगकर्ताओं की संख्या 2 .5 करोड़ के पार

नयी दिल्ली, 16 सितंबर (वार्ता) देश के सबसे बड़े क्रिप्टो कारोबार प्लेटफॉर्म क्राइनस्विच ने मंगलवार को 2.5 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार करने की घोषणा की. कंपनी का दावा है कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला वह देश का पहली क्रिप्टो प्लेटफॉर्म बन गया है.

उसने एक विज्ञप्ति में बताया कि मजबूत खुदरा भागीदारी के चलते यह संभव हुआ है, जिसमें 2025 में औसत दैनिक स्पॉट कारोबार की मात्रा में 2.4 गुना वृद्धि दर्ज की गयी. वर्ष 2017 में स्थापित क्राइनस्विच ने अपनी उपलब्धि का श्रेय सुरक्षा, अनुपालन और पारदर्शिता पर केंद्रित दृष्टिकोण को दिया है.

कंपनी आईएसओ/आईईसी 27001:2022 प्रमाणित है और देश की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू-आईएनडी) में पंजीकृत है. क्राइनस्विच के सह-संस्थापक आशीष सिंघल ने कहा, 2.5 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार करना एक बड़ा पड़ाव है, लेकिन यह तथ्य इसे विशेष बनाता है कि इतने लोगों ने क्रिप्टो की अपनी शुरुआत हमारे साथ की.

अमेजन पूर्व सैनिकों उनके जीवन साथी को देगा रोजगार

नयी दिल्ली, 16 सितंबर. अमेजन इंडिया और भारतीय सेना के अंतर्गत स्थापित आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाईजेशन ने पूर्व सैनिकों, उनके जीवन साथियों और वीरांगनाओं के लिए कंपनी में करियर के अवसर प्रदान करने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं. इस समझौते के अंतर्गत अमेजन इंडिया पूर्व सैनिकों, उनके जीवन साथियों और वीरांगनाओं पर केंद्रित संबंधित नौकरियों और नियुक्तियों का विवरण एडब्लूपीओ के साथ साझा करेगी, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर मिल सके. कंपनी वेबिनार और कार्यशालाओं के साथ जागरुकता सत्र भी आयोजित करेगी. भारत, जापान और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए अमेजन स्टोर्स की उपाध्यक्ष दीप्ति वर्मा ने कहा, हम जानते हैं कि पूर्व सैनिकों और उनके जीवन साथियों में नेतृत्व के गुण होते हैं. आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गेनाईजेशन के साथ यह साझेदारी पूर्व सैनिकों, सैनिकों के जीवन साथियोंवीरांगनाओं को सहयोग प्रदान करने की ओर एक महत्वपूर्ण

एसएमपीके और जेएसडब्ल्यू इंफ्रा ने किया समझौता

कोलकाता, 16 सितंबर. समुद्री बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक प्रगति के तहत श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता ने कोलकाता डॉक सिस्टम के नेताजी सुभाष डॉक के मशीनीकरण और आधुनिकीकरण के लिए जेएसडब्ल्यू इंफ्रा लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. एसएमपीके के अध्यक्ष रथेंद्र रमन और जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक देवकी नंदन और टीम के सदस्यों, केडीएस के सभी प्रमुखों की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये.

रॉयल इनफील्ड की मोटरसाइकिलें सस्ती

नयी दिल्ली, 16 सितंबर. दुपहिया वाहन निर्माता रॉयल इनफील्ड ने वाहनों पर वस्तु एवं सेवा कर दरों में संशोधन के बाद अपनी छोटी मोटरसाइकिलों (350 सीसी क्षमता तक) के दाम घटाने और उससे अधिक क्षमता के वाहनों के मूल्य बढ़ाने की घोषणा की है.

मोटरसाइकिलों के मूल्य में 8 .2 प्रतिशत की कटौती की गयी

नयी दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी

कंपनी की सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, फैक्ट्री गेट पर 350 सीसी तक की मोटरसाइकिलों के मूल्य में 8.2 प्रतिशत की कटौती की गयी है. वहीं, उससे ऊपर की क्षमता के दुपहिया के दाम 7.3 प्रतिशत बढ़ाये गये हैं. नयी दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी जब जीएसटी में किये गये बदलाव लागू होंगे. उल्लेखनीय है कि जीएसटी परिषद ने 03 सितंबर के अपने निर्णय में 350 सीसी तक के दुपहिया वाहनों पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है. इससे अधिक क्षमता के दुपहिया के लिए कर की दर 28 फीसदी से बढ़ाकर 40 फीसदी कर दी गयी है.

समाचार विशेष

क्या महिलाएं ले रहीं राजनीति में इंट्रेस्ट

बढ़ जाएगी नीतीश -तेजस्वी की टेंशन

पटना. आगामी विधानसभा चुनाव होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं. चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है. सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने दांव बैठाने में जुटी हैं. ऐसे में एक अहम सवाल यह भी है कि इस बार महिला उम्मीदवारों की कितनी भूमिका रहेगी और क्या उनकी संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है.

दरअसल, बिहार की राजनीति में कोई भी पार्टी हो उसका एक नारा काफी सुर्ख़ियों में रहता है वह है आधी आबादी तो अब सवाल यह है कि यह सिर्फ चुनावी नारा है या फिर इस बात को बिहार की राजनीतिक पार्टी अपने संगठन के अंदर प्रयोग भी करती है. हम यह बात इस वजह है कह रहे हैं क्योंकि पिछले कुछ विधानसभा चुनाव के आकड़े यह कहानी कहते हैं कि अब राज्यों की राजनीति में महिलाओं की रूचि कम हो रही है. इसको लेकर आज हम आपको एक रिपोर्ट पर ध्यान दिलवाने वाले हैं तो यह बतलाता है कि अब राज्यों की चुनाव में महिला की भागीदारी कितनी हो रही है?

विभाजन से पहले जब बिहार और झारखंड एक राज्य थे, तो कुल 1103 महिलाओं ने चुनाव लड़ा था और उनमें से 169 महिलाएं सदन तक पहुंचीं. विभाजन के बाद हालांकि महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ी, लेकिन उनकी सफलता दर गिर गई. आंकड़े बताते हैं कि विभाजन के बाद 1322 महिलाओं ने चुनाव लड़ा, लेकिन मात्र 116 महिलाएं ही विधानसभा तक पहुंच सकीं.

बात करें 1972 का विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए सबसे कठिन रहा. इस चुनाव में 45 महिलाओं को टिकट मिला, लेकिन उनमें से एक भी महिला जीत दर्ज नहीं कर सकी. यह अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन माना जाता है. इसके विपरीत, 2010 का विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए सुनहरा अध्याय साबित हुआ. इस चुनाव में रिकॉर्ड 34 महिलाएं जीतकर सदन में पहुंचीं. यह बिहार विधानसभा

भाजपा और अन्ना डीएमके में मतभेद

चेन्नई. तमिलनाडु में अगले साल अप्रैल में चुनाव होने वाले हैं और वहां का मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खुद संभाल रहे हैं. अन्ना डीएमके से तालमेल कराने वे खुद चेन्नई गए थे. अन्ना डीएमके को साथ लाने के लिए पार्टी के के अन्नमलाई को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया और अन्ना डीएमके से भाजपा में आए नयनार नागेंद्रन को अध्यक्ष को बनाया.

इसके बावजूद ऐसा लग रहा है कि दोनों पार्टियों का गठबंधन ठीक से काम नहीं कर रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी के नेतृत्व वाले अन्ना डीएमके को लग रहा है कि भाजपा उनको कमजोर करने के लिए काम कर रही है. पिछले दिनों भाजपा के नेताओं से दिल्ली में मिले अन्ना डीएमके के एक नेता को पार्टी से निकाल कर पलानीस्वामी ने तेवर दिखाए हैं.

पिछले कुछ दिनों में एनडीए के दो सहयोगी गठबंधन से बाहर हुए हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम एनडीए से अलग हुए और अब कहा जा रहा है कि वे नई पार्टी बना रहे है. इसी तरह जयललिता की सहेली रही वीके शशिकला के भतीजे टीटीवी दिनाकरण भी अपनी पार्टी के साथ एनडीए से अलग हो गए हैं.

सपा का पिछड़ी जातियों पर फोकस

ब्रज फतह को विधानसभा चुनाव 2027 लिए नई रणनीति

मथुरा. कान्हा की नगरी की राजनीति में हमेशा खाली हाथ रही समाजवादी पार्टी अब यहां साइकिल का पहिया तेज घुमाने की रणनीति बना रही है. ब्रज फतह को सपा की रणनीति में अब मथुरा भी शामिल है. चुनाव में यहां के लिए सपा विशेष एजेंडा तैयार करेगी. इसमें विशेष बजट के साथ ही यह भी बताएगी कि पहले की सपा सरकार ने यहां क्या काम किया था. साइकिल की सधी हुई चाल गांव-गांव में दिखाई देगी.

यादव और मुस्लिम मतों के साथ ही विभिन्न क्षेत्र में अन्य पिछड़ी व छोटी जातियों को लुभाने के लिए उस जाति के नेताओं को मथुरा भेजा जाएगा, जो इन जाति के लोगों के साथ बैठकें करेंगे. उनकी पीड़ा सुनेंगे और सपा की उपलब्धियां भी गिनाएंगे. वहीं स्थानीय नेताओं को भी पार्टी के कार्यक्रमों में बुलाकर उन्हें सम्मान देकर अपने पाले में करने की कवायद की जा रही है.

विशेष बजट का एजेंडा - दरअसल, कान्हा की नगरी राजनीतिक रूप से सपा के लिए बंजर रही है. कभी पार्टी के संगठन में खींचतान तो कभी कोई और कारण रहा, जिससे सपा की झोली से मथुरा हमेशा बाहर रहा. इस बार 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही सपा धारदार रणनीति से यहां भाजपा पर वार करने को तैयार है. गत गुरुवार को लखनऊ पार्टी कार्यालय में सपा अध्यक्ष ने मथुरा जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं के समक्ष पार्टी की रणनीति बताई व सुझाव भी लिए. कहा, बूथ कमेटी का सत्यापन जल्द पूरा कर लिया जाए.

जिन पदाधिकारियों की छवि ठीक नहीं है या काम नहीं कर रहे हैं, की सूची उपलब्ध कराएं. मौजूदा मतदाता सूची शून्य हो जाएगी. पार्टी का वोट बैंक न कट पाए, ये ध्यान रखना होगा. भाजपा की विरोधी चाल से सावधान रहकर सधे कदम से आगे बढ़ना होगा.

इनको चुनाव लड़ने की मिली हरी झंडी

पार्टी मुख्यालय पर बैठक में सपा सुप्रीमो ने विधानसभा चुनाव के लिए ठाकुर किशोर सिंह को गोवर्धन, अनिल अग्रवाल को मथुरा, लोकमणि जादौन को छाता व संजय लाठर को मांट से चुनाव लड़ने की हरी झंडी देते हुए अभी से तैयारी में जुटने को कहा. वहीं बलदेव विस को सुरक्षित रखा है. अभी से प्रत्याशियों के नाम को हरी झंडी देने से साफ है कि सपा इस बार मथुरा को लेकर बेहद गंभीर है. भाजपा के दुर्ग को भेदने के लिए हर रणनीति पर काम किया जा रहा है.

विशेष | **कर्पूरी रथ पर बिगड़ी बनाने निकलेगी तिकड़ी, 40 दिन में नापेंगे पूरा बिहार**

कांग्रेस को चहिए फुल इज्जत!

पटना. बिहार की सियासत में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी वो कड़ी हैं, जो ईबीसी वोट बैंक किसी भी दल के साथ जोड़ सकते हैं. अब उन्हीं कर्पूरी ठाकुर के नाम कांग्रेस पार्टी बिहार की सियासत में अपनी खोई हुई इज्जत वापस पाना चाहती है.

बिहार में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा सफलता के बाद प्रियंका गांधी की अगुवाई में कर्पूरी रथ यात्रा निकालने की अटकलें लगाई जा रहीं थी. हालांकि अब पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता उदित राज पुष्टि कर दी है. यह यात्रा कांग्रेस को वो राजनैतिक इज्जत वापस दिला सकती है, जो राजद से राज्य में नहीं मिलती है. बिहार कांग्रेस नेतृत्व ने राहुल गांधी के समक्ष इस मामले को उठाया था. इस पर राहुल गांधी ने जवाब दिया था कि इज्जत मांगी नहीं जाती कमाई जाती है. इसके लिए राज्य में आप लोग काम करिए, आप लोगों के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं.

अब चर्चा है कांग्रेस पार्टी फुल स्ट्रेंथ के साथ बिहार में उतरने वाली है. बिहार के सभी 38 जिलों में कर्पूरी रथ यात्रा निकाली जाएगी. इस यात्रा को राहुल गांधी की बहन वायनाड सांसद प्रियंका गांधी लीड कर सकती हैं. इसकी शुरुआत कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे. चर्चा है कि राहुल, खड़गे और प्रियंका की तिकड़ी कर्पूरी रथ यात्रा के दौरान प्रमुख जिलों में दिखाई देगी.

'कर्पूरी रथ यात्रा कांग्रेस का नया प्रयोग'- पूर्व सासंद उदित राज ने सोशल मीडिया एक्स पर कर्पूरी रथ यात्रा को बिहार की राजनीति में नया प्रयोग बताया है. उनके अनुसार यह यात्रा 40 दिनों तक चलेगी. साथ ही बिहार के सभी 38 जिलों से होकर गुजरेगी. उदित राज ने कांग्रेस के इस बड़े कदम के लिए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और इस रथ यात्रा की रणनीति बनाने वाले कुनाल बिहार जो यात्रा के संयोजक को बधाई दी.

कांग्रेस और राजद में किस बात पर ठनी?

गौरतलब है कि वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी का बिहार में संघर्ष कर रही है. आगामी चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग में कांग्रेस की डिमांड पिछली बार की तरह 70 सीटों की है. वहीं राजद इस बार कांग्रेस को 50 सीटों तक समेटना चाहती है. यही वजह है कि कांग्रेस भी प्रेशर बनाने में जुट गई है. तेजस्वी यादव को सीएम का चेहरा नहीं घोषित कर रही है, जबकि राजद द्वारा इसके लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं.